## सार-समाचार

### रामनवमी शोभायात्रा का निमंत्रण दिया

**पाली**, (नि.सं.)। हिन्दू महोत्सव समति एव विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में निकलने वाली रामनवमी शोभायात्रा इस वर्ष भी धूम धाम से निकाली जाएगी। इस से पूर्व हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार सर्वप्रथम बुधवार को नागा बाबा बगेची सिद्धि विनायक गजानंद जी महाराज को रामनवमी शोभायात्रा का निमंत्रण दिया गया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी होली से पहले सर्व हिन्दू समाज की बैठक 28 फरवरी शनिवार को पाली शहर के रामदेव रोड स्थित माली समाज भवन में आयोजित की जाएगी जिसके पाली शहर के सर्व समाज,समाजिक संगठन, विद्यालय प्रमुख भाग लेंगे। जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि इस मौके पर परमेश्वर जोशी, भीमराज चौधरी, अनिल चौहान, बाबूलाल कुमावत, रंगलाल जाट, गणेश कुमावत, प्रविण सोनी,केलाश कुमावत, श्रवण भिलवाला,रमेश थावानी, अनिल सोनी,कमलेश मेवाड़ा, गौरव शर्मा, केलाश जीनगर, नन्दकिशोर रांकावत, दिलीप कुमावत, परमेश्वर शर्मा,दीपक सोनी,अशोक बंजारा, हेमन्त तनवानी, मनीष दवे,देवकिशन देवड़ा, रितिक दवे,आशीष गुजर, प्रेम लोहानी, जय अरोड़ा, जीतू रांकावत, नन्दू अरोड़ा, विकाश अठावाल, दिनेश बंजारा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिवसेना शिंदे ने ज्ञापन दिया

**पाली**, (नि.सं.)। शिव सेना शिंदे पाली के दर्जनों कार्यकर्ता आज सुबह 11 बजे जिला प्रमुख तख्तसिंह सोलंकी व जिला प्रवक्ता राजु देवासी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर आफिस पर एकत्रित हुए। जहां पर परिवहन विभाग पाली में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन कर कार्रवाई हेतु अपनी पांच सुत्री मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि परिवहन विभाग मे कई प्राइवेट व्यक्ति सरकारी कार्मिक के तैर पर सरकारी कुर्सी पर बेठ कर कार्य कर रहै है, जो अवैध है। कुछ दिनो पुर्व जिला परिवहन अधिकारी का चार्ज एक परिवहन निरीक्षक के पास था तब उक्त उक्त परिवहन निरीक्षक द्वारा कार्य दिवस में कार्य नहीं कर रात्री में आफिस फाईले घर पर मंगवा कर निपटाई गई। जिसकी जांच करवाने की मांग की तथा जोधपुर/पाली के मध्य संचालित होने वाली लोक परिवहन की बसों को निर्धारित मार्ग से संचालित करने, फिटनेस सेन्टर जल्द से जल्द प्रारंभ करने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय जिला प्रमुख तख्तसिंह सोलंकी, जिला प्रवक्ता राजु देवासी,नगर प्रमुख उदय शेट्टी, जिला मंत्री मगराज पादरली, मुकेश काका,जितेन्द्र राव, दिनेश देवडा, भुराराम परिहार,शेखर परिहार, जितेन्द्र वैष्णव सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

### मेगा विधिक जागरूकता शिविर आज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर द्वारा गुरूवार, 26 फरवरी को रावण का चबुतरा मैदान, 12वीं रोड़, जोधपुर में मेगा विधिक चेतना एवं लोक कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जायेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जोधपुर महानगर, जोधपुर ने बताया कि शिविर में रालसा, माननीय नालसा व राज्य तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से आम लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। शिविर में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग आदि अन्य प्रशासनिक विभागों की स्टालें लगाई जायेगी जिसमें उपस्थित संबंधित अधिकारियों द्वारा आम लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत् तुरंत लाभ प्रदान किया जायेगा। शिविर में दिव्यांग बालकों व वृद्धजनों को ट्राई साईकिल, व्हिल चेयर, श्रवण यंत्र आदि वितरित किये जायेंगे। अत: जोधपुर महानगर क्षेत्र के लोग उक्त विधिक चेतना एवं कल्याण शिविर में उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### महावीर इंटरनेशनल ने बेबी किट बांटे

**जालोर**, (कासं)। महावीर इण्टरनेशनल ग्रेनाईट सीटी जालोर की ओर से भीनमाल रोड स्थित मातृ शिशु शिशु राजकीय अस्पताल में बुधवार को मातृत्व परियोजनान्तर्गत नवजात शिशुओ को बेबी किट वितरित किये गये। महावीर इण्टरनेशनल ग्रेनाईट सीटी जालोर के सचिव छगन लोहार ने बताया कि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी वेदप्रकाश मीणा पूर्व नगरपरिषद उपसभापति अम्बालाल व्यास, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल के सानिध्य में मातृत्व परियोजनान्तर्गत नवजात शिशुओं ओर मालाओ के स्वास्थय संरक्षण के लिए हाइजेनिक बेबी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी वेदप्रकाश मीणा ने महावीर इण्टरनेशनल ग्रेनाईट सीटी के पदाधिकारियो की उपस्थिति में महावीर इण्टरनेशनल एपेक्स के पोस्टर वात्सल्य का विमोचन किया गया। जिसमे शिशु के जन्म के छह माह तक माँ का दुध पिलाने के महत्व को बताया गया है। इस अवसर पर महावीर इण्टरनेशनल केजॉन चेयरमैन शम्भू सिंह मण्डलावत नर्सिंग अधिक्षक पुष्पेन्द भारती, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी गुलजार अली, लेबररूम प्रभारी रणछोड परमार, महावीर इण्टरनेशनल ग्रेनाईट सीटी के पदाधिकारी समेलाराम माली पी.एल. सोनगरा बनवारी लाल प्रवीण माथुर दिनेश बाघेला और सदस्य उपस्थित रहे।

### खाटूश्याम का कीर्तन एवं फाग महोत्सव

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा शहर में श्री खाटूश्याम भक्तों के लिए कल भव्य कीर्तन एवं फाल्गुन फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री खाटूश्याम के दीवाने सेवा समिति द्वारा शांतिनाथ जैन मंदिर के सामने, नाहटा हॉस्पिटल रोड पर आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडल के संरक्षक भरत गिरी महाराज ने बताया कि कीर्तन के दौरान बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा, जिससे दरबार दिव्य रूप में सजेगा। समिति अध्यक्ष पृथ्वीराज गोयल ने जानकारी दी कि कार्य म में इत्र वर्षा और छप्पन भोग का विशेष आयोजन रखा गया है, जिससे श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण का अनुभव होगा। कोषाध्यक्ष गणपत पंवार ने बताया कि कीर्तन में प्रसिद्ध भजन कलाकार दीपक राव, जागृति वडेरा और तेजल पालीवाल अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं मंडल सदस्य राममनोहर गर्ग ने बताया कि बाबा का शीश दरबार सोनू वाधवानी द्वारा मां झंडेवाली दरबार, जोधपुर से सजाया जाएगा। समिति की ओर से सभी श्याम प्रेमियों से कीर्तन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा के भजनों का लाभ लेने की अपील की गई है। भक्तों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह है।

### 108 कन्याओं का होगा महापूजन

**बालोतरा**, (निसं)। सामाजिक सरोकार और बालिका शिक्षा को समर्पित कैलाश मेमोरियल सेवा संस्थान द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान के तहत संस्थान द्वारा 108 कन्याओं का महापूजन एवं संस्कार जागृति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विशेष आयोजन के पोस्टर (बैनर) का विमोचन रविवार को गांधीपुरा स्थित माली समाज भवन में गरिमामय उपस्थिति के बीच संपन्न हुआ। संस्थान के उपाध्यक्ष पुष्पराज पंवार ने बताया कि आगामी चैत्र नवरात्रि में बालोतरा की धरा पर 108 कन्याओं का पूरे विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि बालिकाओं में नैतिक मूल्यों और संस्कारों का बीजारोपण करना है, ताकि वे सशक्त नागरिक बन सकें। बैनर विमोचन के अवसर पर कई जने उपस्थित रहे।

### विशेष दिव्यांग शिविर आयोजित

**बालोतरा**, (निसं)। जिला चिकित्सालय, बालोतरा में बुधवार को आयोजित विशेष दिव्यांग शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगजनों की जांच कर प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवश्यक प्रक्रियाएँ पूर्ण की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वाकाराम चौधरी ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सताराम भाखर ने 20, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार यादव ने 21 तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. बद्रीनारायण ने 10 दिव्यांगजनों की विस्तृत जांच की। चिकित्सकों ने लाभार्थियों को आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने की प्र या से अवगत कराया। शिविर के माध्यम से कुल 51 दिव्यांगजनों को जांच एवं मार्गदर्शन का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य पात्र दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें समयबद्ध सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

### दिशा समिति की बैठक 6 मार्च को

**जालोर**, (कासं)। सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा समिति) की बैठक 6 मार्च, शुक्रवार को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने दी।

# धार्मिक आयोजन, त्यौहार पर शांति बरते : एल.एन. मंत्री

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में आज बुधवार को आगामी दिनों में विभिन त्यौहार, उत्सव व धार्मिक आयोजनों होलिका दहन 2 मार्च एवं 3 मार्च को धुलंडी (होली) रमजान ईद आदि पर्व के दौरान अपेक्षित व्यवस्थाएं करने संबंधी शांति एवं सदभावना समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने शांति समिति के सदस्यों के साथ शांतिपूर्ण आयोजनों को लेकर चर्चा की औऱ सुझाव लिए। इस अवसर पर होली दहन पर्व, धुलंडी पर्व, रमजान व ईद इन पर्वो के दौरान दोनों पक्षों में शांति एवं सद्भावना कायम रखने के लिए व होली पर्व परम्परागत रूप से शांति एवं सद्भावना से मनाया जाना चाहियें।

बैठक में मंत्री ने इन पर्व त्यौहारों के लिये सभी आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया। साथ ही पानी, बिजली, सड़क, साफ-सफाई, तार, आदि के बारे में जानकारी दी व अन्य बकाया कार्या को जल्द पूरा करने की बात कहीं। जिला कलक्टर ने सभी संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला एसपी अदर्श सिधू ने सुरक्षा व्यवस्था व अन्य कार्रवाईयों के लिये जानकारी दी। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों व अन्यों ने नशे की प्रवृत्ति पर रोक व कार्रवाई, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, बिजली के तारों, सडकों की मरम्मत, चोरीयों पर अकुंश, सोशल मीडीया पर नजर रखने, सुचारू यातायात, अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, पुलिसिंग को बढाने आदि के बारे में विचार रखे। साथ ही होली खेलने के दौरान अनिच्छुक व्यक्तियों/महिलाओं पर रंग नहीं डालने, महिलाओं/लड़कियों/वृद्धों या किसी व्यक्ति पर अवांछित प्रकार से गुब्बारें व प्लास्टिक की थैलियां फेंकने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाना व जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार किये जाने के लिए कहा। शांति समिति के सदस्यगण ने पुलिस प्रशासन का अपेक्षित सहयोग करने का भरोसा दिया।

बैठक में प्रशिक्षु आईएएस बिरजु गोपाल, अतिरिक्त कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, एडीएम सीलिंग ओम प्रभा, एएसपी, उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, पीडब्ल्यूडी एसई दिलीप परिहार, जलदाय विभाग के कानसिंह, विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी सहित पूर्व उप सभापति ललीत प्रितमानी, मांगुसिंह दुदावत, दिलीप ओड, मोहम्मद सलीम, अम्बालाल सोलंकी आदि शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

पाली जिले में धार्मिक पर्व होलिका दहन 2 मार्च एवं धुलण्डी 3 मार्च को मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले में 18 कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए।

जिला मजिस्ट्रेट लक्ष्मीनारायण मंत्री ने बताया कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र पाली के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट पाली को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। इसी प्रकार पाली शहर के लिए तहसीलदार पाली, सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रोहट के लिए एसडीएम रोहट, पुलिस थाना क्षेत्र जैतपुर के लिए तहसीलदार रोहट, सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र बाली के लिए एसडीएम बाली, फालना पुलिस थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार बाली, उप तहसील क्षेत्र बेडा व नाणा के लिए नायब तहसीलदार नाणा को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सुमेरपुर के लिए एसडीएम सुमेरपुर, साण्डेराव पुलिस थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार सुमेरपुर, उप तहसील क्षेत्र तखतगढ़ के लिए नायब तहसीलदार तखतगढ़, सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र देसूरी के लिए एसडीएम देसूरी, ग्राम सादडी, घाणेराव व नाडोल के लिए तहसीलदार देसूरी, सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रानी के लिए एसडीएम रानी, खिंवाडा पुलिस थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार रानी, सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सोजत के लिए एसडीएम सोजत, बगडी नगर व सोजत रोड पुलिस थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार सोजत, सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र मारवाड़ जंक्शन के लिए एसडीएम मारवाड़ जंक्शन एवं पुलिस थाना सिरयारी क्षेत्र एवं ग्राम आउवा के लिए तहसीलदार मारवाड़ जंक्शन को कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि अतिरिक्त जिला कलक्टर पाली को पर्वों के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सम्पूर्ण जिले की व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे। उन्होंने नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेटगण पुलिस अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाये रखते हुए अपने नियुक्ति क्षेत्र में होली पर्व व रमजान माह के साथ साथ होने पर्व के दौरान शांति व कानून व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड मजिस्ट्रेटगणों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ पदस्थापित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार विशेष संवेदनशील स्थानों पर तैनात कर शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपेक्षित उपया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में 25 फरवरी को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख रहा, जिस पर विद्यार्थियों ने प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मनीष आखावत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र सूरी कुंदनमल जैन राजकीय कन्या महाविद्यालय जालौर के प्राचार्य मोहम्मद इरफान खान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में माय भारत युवा केंद्र के प्रतिनिधि चंदन ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. मनीष सिंह एवं राज कुमार जालवानिया की उपस्थिति में कायक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। निर्णायक मंडल में डॉ. अनुपम चतुर्वेदी, मांगीलाल राठौड, संदीप जोशी, चुन्नीलाल परिहार एवं सरदार सिंह शामिल रहे। मंच संचालन किशोर कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 29 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके प्रभाव तथा भारतीय लोकतंत्र के लिए उससे मिली सीख पर गंभीर विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पांच प्रतिभागियों में ऐश्वर्या सोनी, दक्ष सुंदेशा, तनीषा, साक्षी गिरी एवं सागर कंवर ने स्थान प्राप्त किया। इन प्रतिभागियों को आगे राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। इन प्रतिभागियों को उनके प्रभावशाली वक्तव्य और विषय की गहन समझ के लिए सराहा गया। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, संविधान की सर्वोच्चता तथा नागरिक अधिकारों के महत्व पर जोर दिया। अंत में प्राचार्य मनीष आखावत ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्य कृष्णा देवल, डॉ. प्रताप सिंह,राजल मिश्रा, दिनेश कुमार मीणा, डॉ. संतोष गोमतीवाल, डॉ. चंदन प्रकाश, हंसाराम मीणा, जोगाराम एवं रघुवीर सिंह भी उपस्थित रहे।

### अमृता हाट मेला

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वयं सहायता समूह एवं उद्यमी महिलाओं द्वारा तैयार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने व आर्थिक संबलता प्रदान करने के लिए शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में आयोजित अमृत हाट का जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को अवलोकन किया।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित स्टॉलों का अवलोकन किया तथा महिला समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि अमृता हाट के माध्यम से महिला वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनने में सहायता मिलेगी तथा उनके उत्पादों को व्यापक स्तर पर पहचान मिलेगी।

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह सिलोर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### विधिक चेतना शिविर आज

**जोधपुर**, (का.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर द्वारा गुरूवार, 26 फरवरी को रावण का चबुतरा मैदान 12वीं रोड जोधपुर में मेगा विधिक चेतना एवं लोक कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जायेगा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जोधपुर महानगर, जोधपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में रालसा, नालसा व राज्य तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से आम लोगों को लाभान्वित किया जायेगा।

इस अवसर पर शिविर में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग आदि अन्य प्रशासनिक विभागों की स्टालें लगाई जायेगी जिसमें उपस्थित संबंधित अधिकारियों द्वारा आम लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत् तुरंत लाभ प्रदान किया जायेगा।

दिव्यांग बालकों व वृद्धजनों को ट्राई साईकिल, व्हिल चेयर, श्रवण यंत्र आदि वितरित किये जायेंगे। अत: जोधपुर महानगर क्षेत्र के लोग उक्त विधिक चेतना एवं कल्याण शिविर में उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए

**जालोर**,(का.सं.)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राजस्थान पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम 1994 के नियम 58 (2) के प्रावधानों के अनुसार शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक पंचायत समिति में सदस्यों के निर्वाचन के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी और उनकी सहायता के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में आहोर, जालोर, सायला, भीनमाल, बागोड़ा, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा, चितलवाना व सांचोर पंचायत समिति के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी व उपखण्ड मजिस्ट्रेट को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। वही भाद्राजून पंचायत समिति के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट भाद्राजून, उम्मेदाबाद पंचायत समिति के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट जालोर , सरनाऊ पंचायत समिति के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट सांचोर एवं भादरूणा पंचायत समिति के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट चितलवाना तथा सरवाना पंचायत समिति के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट सांचोर को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है।

इसी प्रकार आहोर, भीनमाल, बागोड़ा, जसवंतपुरा व रानीवाड़ा पंचायत समिति के लिए संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

वही भाद्राजून, जालोर, सायला व चितलवाना पंचायत समिति के लिए संबंधित नायब तहसीलदार को तथा सरनाऊ पंचायत समिति के लिए नायब तहसीलदार उपखण्ड कार्यालय चितलवाना, सांचौर पंचायत समिति के लिए नायब तहसीलदार उपखण्ड कार्यालय सांचोर, भादरूणा पंचायत समिति के लिए उप तहसीलदार खासरवी व सरवाना पंचायत समिति के लिए नायब तहसीलदार सांचोर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

# मांगों का ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय मजदूर संघ जिला जोधपुर एवं भारतीय जलदाय श्रमिक संघ के तत्वावधान में बजट घोषणाओं में श्रमिकों एवं जलदाय कर्मचारियों की मांगों को शामिल नहीं किए जाने के विरोध में आज जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर जवाहर राम चौधरी को सौंपा गया।

संघ के जिलाध्यक्ष भंवर आंगणवा ने बताया कि बजट पूर्व विभिन्न श्रमिक वर्गों की समस्याओं एवं सुझावों से राज्य सरकार को अवगत कराया गया था, किन्तु बजट में प्रमुख मांगों की अनदेखी से श्रमिकों में निराशा एवं रोष व्याप्त है।

### शुद्ध डेयरी उत्पादों की बाजार में मांग : कुलगुरू

**जोधपुर**, (कासं)। कृषि विश्वविद्यालय के किसान कौशल विकास केंद्र में आज सात दिवसीय डेयरी फार्मिंग एवं पन्द्रह दिवसीय ड्रोन पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वीएस जैतावत ने की।

कुलगुरु ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाजार में शुद्ध डेयरी उत्पादों की उपलब्धता बड़ी समस्या बनती जा रही है। लोग अच्छी कीमत देकर भी शुद्ध उत्पाद खरीदना चाहते हैं। ऐसे में डेयरी व्यवसाय में ईमानदारी व विश्वसनीय शुद्ध उत्पाद बाजार में उपलब्ध करवा कर आप अपने ब्रांड को स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान में किसानों की आत्महत्या के मामले बहुत कम है इसका मुख्य कारण कृषि के साथ पशुपालन व्यवसाय भी अतिरिक्त आमदनी का जरिया है।

उन्होंने कहा कि यहां वैज्ञानिक तरीके से दिए गए प्रशिक्षण को मनोयोग से सीखे एवं आमदनी में अतिरिक्त इजाफा करें। इस दौरान किसान कौशल विकास केंद्र के प्रभारी डॉ प्रदीप पगारिया ने स्वागत उद्बोधन दिया।

# बार कौंसिल ऑफ राज. के भवन का निरीक्षण

**जोधपुर**, (का.सं.)। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार न्यायाधिपति जे. आर. मिढ़ा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय निर्वाचन समिति की बैठव 24.2.2026 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई।

उक्त बैठक में न्यायाधिपति महेन्द्र माहेश्वरी, न्यायाधिपति रामचन्द्र सिंह झाला, न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग एवं डॉ. सचिन आचार्य, वरिष्ठ अधिवक्ता ने सहभागिता की।

उच्च स्तरीय निर्वाचन समिति द्वारा इस बैठक में अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 8। के प्रावधान के अंतर्गत बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की विशेष समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति के अध्यक्ष के रूप में राज्य के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद तथा सदस्यों के रूप में जगमाल सिंह चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान व अशोक मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान को नियुक्त किया गया है।

इसी क्रम में आज राज्य के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद एवं जगमाल सिंह चौधरी वरिष्ठ अधिवक्ता ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर परिसर में स्थित बार कौंसिल ऑफ राजस्थान कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का औपचारिक पदभार ग्रहण किया। विशेष समिति के सदस्य अशोक मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पदभार ग्रहण करने की सहर्ष सहमति प्रदान की।

राज्य के महाधिवक्ता एवं बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की विशेष समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के नवनिर्मित भवन का विस्तृत निरीक्षण किया तथा बार कौंसिल कार्यालय द्वारा संपादित किए जाने वाले विविध कार्यों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

# योग एवं पंचकर्म शिविर

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की ओर से बुधवार को प्रात शहर के रेल्वे स्टेशन रोड स्थित नेहरू उद्यान में घुटने के दर्द से छुटकारा के लिए एक निशुल्क योग व पंचकर्म चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शाखा सचिव शांतिलाल सोनी ने बताया कि सर्वप्रथम शाखा अध्यक्ष एवं योग प्रशिक्षक राजेंद्र भूतडा के दिशा निर्देशन में कालूराम कुमावत की अगुवाई में उपस्थित लोगों को घुटने के दर्द में राहत देने वाले विभिन्न योगासन एवं व्यायाम करवाए गये। तत्पश्चात पंचकर्म थेरेपिस्ट नदीम सिलावट ने घुटने के दर्द में राहत पाने की विभिन्न आयुर्वेदिक पद्धतियाँ की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने घुटने की जानु बस्ती,घुटने का अभ्यंग, घुटने की थेरेपी, कपिंग व पंचकर्म प्रणाली के जरिये घुटनों व जोङों के दर्द में राहत के लिये प्रशिक्षण के साथ एक प्रभावी लाइव डेमो दिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजेन्द्र भूतङा ने बताया कि वर्तमान में दोषपूर्ण जीवन शैली एवं गलत खानपान के कारण कम उम्र में ही लोगों के घुटनों में दर्द शुरू हो जाता है और घुटनों में कार्टिलेज घिसने लगता है जिससे हड्डियों के जोङों के बीच का अन्तराल (गेप) कम होने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि विटामिन डी व कैल्शियम की कमी तथा मांसपेशियों की कमजोरी भी दर्द का कारण बन जाते है । इसलिए समय समय पर हमें विटामिन डी तथा कैल्शियम की जांच भी करवा लेना चाहिए।उन्होंने आगे बताया कि घुटनों व जोतों के दर्द को नियमित योग और पंचकर्म के माध्यम से काफी हद तक कम किया जा सकता है। परिषद् की ओर से थेरेपिस्ट नदीम सिलावट का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान व अभिनंदन भी किया गया। शिविर में कुल 27 लोग लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर शिविर में शाखा संयोजक( सेवा )प्रेम कुमार परमार , कमल किशोर भूतडा, धर्मेंद्र पटवा, सत्तू राजपुरोहित, शान्तु मूथा, पुखराज सिंह चौधरी, राजेन्द्र सोनी, जगदीश अग्रवाल, अशोक सोनी, धीरज सोनी, सुरेंद्र सिंह,राजेंद्र चौधरी, राजेंद्र सहारण, बजरंग सिंह, कनिष्क चौधरी, भंवर सिंह, श्यामा भूतडा सहित कई परिषद् सदस्य , नेहरू उद्यान क्लब के सदस्य व शहर वासी उपस्थित थे।

# प्रतीक सोलंकी पर हमला, पत्रकारों ने रोष जताया

**रेवदर** , (निसं)। सिरोही जिले में 24 फरवरी को कार्यालय समय में सिरोही पंचायत समिति परिसर में पत्रकार प्रतीक सोलंकी पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले के पीछे हाल ही में प्रसारित वे खबरें हैं, जिनमें हरिराम माली की पदोन्नति को लेकर गंभीर अनियमितताओं और कूट रचित दस्तावेजों का खुलासा किया गया था। घटना के तुरंत बाद पत्रकार प्रतीक सोलंकी ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की। देर रात तक कोतवाली थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज नहीं किए जाने से पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे में भारी रोष व्याप्त है।

न्यूज चैनल के संवाददाता प्रतीक सोलंकी ने हरिराम माली की वर्ष 2013 में पदेन सचिव से सहायक विकास अधिकारी पद पर हुई पदोन्नति को लेकर कई खुलासे किए थे।

प्रकरण को लेकर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक आरोपी अधिकारी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे राजस्थान ने मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। आईएफडब्ल्यूजे राजस्थान के प्रदेश सचिव एवं जोधपुर संभाग प्रभारी विक्रमसिंह करणोत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आरोपी सहायक विकास अधिकारी के विरुद्ध तुरंत मुकदमा दर्ज कर बर्खास्तगी की कार्रवाई नहीं की गई, तो पूरे राजस्थान में आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी।

पत्रकार प्रतीक सोलंकी पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में दिए ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार हमीर सिंह राव, मोहन देशप्रेमी, आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश बोहरा, जिला महासचिव हरीश मेघवाल, वरिष्ठ पत्रकार जीतेश रावल, जिला उपाध्यक्ष नाथूसिंह बालिया, जिला प्रवक्ता हेमंत अग्रवाल, प्रतीक सोलंकी, पिंडवाडा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ, वरिष्ठ पत्रकार हरिपाल सिंह उखरडा, भरत प्रजापत, राज वाघेला, महेंद्र माली, नारायण माली, आबिद खान, कल्पना माली, जगदीश कुमार, रेवाशंकर रावल, डूंगाराम पुरोहित, हितेंद्र सिंह, भरत रावल सहित कई जने मौजूद रहे।

### प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मांगों को लेकर कलेक्टर पर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। साथ ही 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई के शहर जिलाध्यक्ष डॉ. बबलू सोलंकी ने बताया कि दिल्ली में प्रदर्शन करने पर युवा कांग्रेस के कई जनों को गिरफ्तार किया गया, जो कि गलत है।


**कार्यालय नगर निगम पाली (राज.)**

(लालबहादुर शास्त्री टाउन हॉल सुरजपोल के पास, पाली-मारवाड़, राज0 पिनकोड-306401)
(टेलीफैक्स 02932-221301, ई. मेल &mcpali.lsg@rajasthan.gov.in ,Website: www.mcpali.com)

क्रमांक प09 ( ) कच्ची बस्ती नि. शाखा / 2026/2588 दिनांक 17.02.2026

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि निम्नलिखित प्रार्थोओ द्वारा निगम मे आवेदन पत्र मय मानचित्र प्रस्तुत कर 1991/15.08.2009/31.12.2021 से पूर्व के कब्जा व रहवास का कच्ची बस्ती के अन्तर्गत पट्टा चाहा है। भवन व भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. स. | आवेदक का नाम मय पिता/ पति का नाम | आवेदित स्थल का नाम | क्षैत्रफल (वर्गगज में) | कच्ची बस्ती नियमन के तहत् पट्टा हेतु काबिज भवन के हुदद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुका/कलाराम | मारू बंजारो की ढाणी नयागांव, पाली | 165 | पूर्वः- गली<br>पश्चिमः- नेमाराम का मकांन<br>उत्तरः- रोड़<br>दक्षिणः- अन्य भुखण्ड |
| 2 | नेमाराम/कलाराम | मारू बंजारो की ढाणी नयागांव, पाली | 110 | पूर्वः- मालवीय लौहार का मकांन<br>पश्चिमः-सुकादेव्या का मकान<br>उत्तरः- सुका देवी का भुखण्ड<br>दक्षिणः-रोड़ |

उक्त हदूदो के बीच स्थित भवन का प्रार्थियो द्वारा 1991/15.08.2009/31.12.2021 से पूर्व के कब्जा व रहवास का पट्टा चाहा जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था आदि को उक्त भवन के पट्टा जारी करने के सम्बन्ध मे कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना चाहे तो इस सुचना पत्र के प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अन्दर-अन्दर लिखित मे नगर निगम कार्यालय मे आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत किये जा सकते है।

यदि नियत अवधि मे कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नही हुआ तो कार्यालय द्वारा प्रकरण मे अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। तथा कोई आपत्ति अथवा सुझाव मान्य नही होगा। पत्रावली मय प्रस्तावित नक्शे के कार्यालय समय के कच्ची बस्ती नियमन शाखा मे निरक्षण कि जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/21194 आयुक्त

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, पाली (राजस्थान)**

क्रमांक :- कृ.उ.म.स.पाली/कि.भ./संचालन/2025-26/2039 दिनांक :- 20/02/2026

**निविदा विज्ञप्ति**

मंडी समिति पाली गौण मंडी रामलीला मैदान के पास निर्मित किसान भवन की सम्पूर्ण परिसम्पतियो को पी.पी.पी. मॉडल के तहत संचालन हेतु 5 वर्ष के लिये लीज पर आवंटित करने हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाता निविदा प्रकाशन की तिथि से कार्यालय समय में दिनांक 09.03.2026 को मध्यान्ह पश्चात 2.00 बजे तक राशि रू. 400/- नगद कार्यालय मुख्य मंडी जोधपुर रोड में जमा कराकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है, एवं दिनांक 09.03.2026 को मध्यान्ह पश्चात 3.30 बजे तक अपनी निविदा दो बंद लिफाफे में मुख्य मंडी कार्यालय जोधपुर रोड, पाली में इस प्रयोजन हेतु रखे गये निविदा बॉक्स में डाल सकता है। एक लिफाफे में निविदादाता द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हैसियत प्रमाण पत्र जो 6 माह से अधिक पुराना न हो एवं बयाना राशि जमा कराने के डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/नगद राशि की रसीद की फोटोप्रति डाल कर बंद कर लिफाके के ऊपर स्पष्ट शब्दो मे किसान भवन के लिये तकनीकी निविदा अंकित करते हुये डालना होगा तथा दुसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं निविदा की शर्ते निविदादाता द्वारा हस्ताक्षरसुदा, अलग लिफाफे पर प्रशासनिक निविदा अंकित करते हुये डालने होगे। निविदा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष दिनांक 09.03.2026 को मध्यान्ह पश्चात 4.00 बजे खोली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा वाले लिफाफे खोले जायेगे तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त पाये जाने वाले निविदादाताओ के ही प्रशासनिक निविदा के लिफाफे खोले जायेगे। तकनीकी दृष्टि से अनुपयुक्त रहने पर सम्बन्धित निविदादाता के प्रशासनिक निविदा के लिफाफे पर कोई कार्यवाही नही की जायेगी। निविदादाता को निविदा प्रपत्र में प्रतिमाह किसान भवन के संचालन हेतु किराया अंकित करना होगा। निविदा की निम्न महत्वपूर्ण शर्ते है।

1. किसान भवन के संचालन के लिये आरक्षित किराया राशि 86,910/- प्रतिमाह निर्धारित है। आरक्षित राशि से कम निविदा पर किसी भी परिस्थिति में निविदा समिति द्वारा विचार नही किया जायेगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ रू. 25000/- नगद या उक्त राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा, बयाना राशि के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति, पाली के नाम से जमा कराना होगा। उक्त राशि निविदा तिथि को मध्यान्ह पश्चात 3.00 बजे तक कार्यालय में जमा कराई जा सकती है।
3. निविदादाता को निविदा के साथ अपनी अचल सम्पत्ति के ब्यौरा जो कि कम से कम 25.00 लाख की हैसियत रखता हो सम्बन्धित तहसीलदार/उपखण्ड अधिकारी/इससे उच्च अधिकारी से प्रमाणित कराकर संलग्न करना होगा। अन्यथा निविदा अमान्य होगी।
4. निविदादाता को उसके विरूद्ध किसी प्रकार की मंडी समिति देयता निकलती है तो वह भी निविदा दर देने से पूर्व जमा करानी होगी।
5. निविदा की शर्ते निविदादाता स्वयं या उसके प्रतिनिधि कार्यालय समय में सम्बन्धित मंडी समिति के कार्यालय में देख सकते है।
6. किसान भवन की निविदाओं को सम्बन्धित क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार होगा तथा शर्ते संख्या 2 व 3 की पूर्ति न करने पर निविदा पर कोई विचार नही किया जावेगा।
7. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DAM2526A0758

UBN- DAM2526SLRC01269

राज.संवाद/सी/25/21253

प्रशासक कृषि उपज मंडी समिति, पाली

सचिव कृषि उपज मंडी समिति, पाली